हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 रंगोली सजाई जनकल्याणकारी योजनाओं की व...



12 दुर्गा पूजा पर शांति समिति की बैठक में डीजे...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

खबर संक्षेप

नागरिक संहिता पर चर्चा व परिचय बैठक 15 को

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने तथा इसके प्रारूप को अंतिम रूप दिए जाने के लिए शासन द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में एक सामूहिक चर्चा एवं परिचयात्मक बैठक का आयोजन 15 अक्टूबर गुरूवार को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में राजनीतिक दलों, सर्वसमाज प्रमुख एवं प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट नागरिकों, गणमान्य नागरिकों, सभी धार्मिक संगठन प्रमुख एवं सभी संगठन प्रमुखों को उक्त बैठक मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

सर्पदंश से ग्रामीण की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत मिचेयुखई निवासी 51 वर्षीय बरातु लेड़िया पिता रामधीन को साप ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मौत साप के काटने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात कारणों से युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। कोयलीबेड़ा थानांतर्गत खुड़गांव निवासी 20 वर्षीय किशोर उईके पिता रामुराम उईके का 8 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। सीएचसी कोयलीबेड़ा से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था।

कबाड़ वाहन और गंदगी पर हरिभूमि ने उठाए सवाल

नगर भानुप्रतापपुर में शासकीय अस्पताल के समीप पिछले लगभग दो वर्षों से सड़क किनारे खड़ा एक कबाड़ वाहन और क्षतिग्रस्त ठेला अब व्यवस्था की अनदेखी का उदाहरण बनता दिखाई दे रहा है। शहर के एक महत्वपूर्ण और व्यस्त मार्ग पर इतने लंबे समय से अनुपयोगी वाहन और क्षतिग्रस्त ठेला का खड़ा रहना न केवल यातायात प्रबंधन, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की देखरेख को लेकर भी सवाल खड़े कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस स्थान पर प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारियों की आवाजाही होने के बावजूद अनुपयोगी वाहन और क्षतिग्रस्त व गंदगी को हटाने की पहल नहीं हो पा रही है।

अस्पताल मार्ग पर दो साल से खड़ा है कबाड़ वाहन, जिम्मेदार गहरी निद्रा में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

सेवा सकंल्प अभियान के तहत सफाई अभियान भी चलाया गया, परंतु भानुप्रतापपुर नगर में मुख्य सड़क से लगी हुई यह गंदगी अभियान की हकीकत को दर्शा रही है। नगर के जिस स्थान पर यह कबाड़ वाहन सीजी 02 4160 खड़ा है, वह आवागमन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इस मार्ग से स्टेट हाईवे से मंडी रोड की ओर प्रतिदिन ⏭शेष पेज 10 पर

सबब पेट्रोल पंप और शासकीय अस्पताल के समीप वाहन खड़े

व्यवस्था पर उठे सवाल



लंबे समय से खड़ा वाहन

संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व मानीटरिंग अधिकारियों की अनदेखी के कारण ही उस स्थल पर गंदगी बनी हुई है। समाचार प्रकाशन के बाद जिम्मेदार विभाग व मानीटरिंग करने वाले अधिकारियों की नींद खुलती है या जस का तस रहेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। सार्वजनिक स्थानों पर अनुपयोगी वस्तुओं और लंबे समय से खड़े वाहनों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करना जरूरी है।

नियमानुसार कार्रवाई की मांग

नगरवासियों ने संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कर वाहन की स्थिति स्पष्ट करने तथा नियमानुसार उसे हटाने की कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि वाहन अनुपयोगी है और सार्वजनिक आवागमन में बाधा बन रहा है, तो उसे वहां से हटाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी की जानी चाहिए।

नगर की सुंदरता भी हो रही प्रभावित

नगर में साफ-सफाई बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों को व्यवस्थित रखने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाना है। इसके बावजूद मुख्य मार्ग के समीप दो वर्षों से खड़ा कबाड़ वाहन व क्षतिग्रस्त ठेला इन प्रयासों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रहा है।

विभाग की नींद खुलेगी या साधेगा मौन

राज्य राजमार्ग के किनारे सरकारी वाहन व क्षतिग्रस्त ठेले की हकीकत को हरिभूमि भानुप्रतापपुर के प्रशासन और संबंधित विभाग के संज्ञान में ला रहा है। समाचार प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग के आला अफसरों की नींद खुलेगी या मौन साधेंगे, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। हरिभूमि ने जन सारोंकार के विषय को जिम्मेदारों के संज्ञान में लाने का प्रयास किया गया।

टमाटर के भाव पर हुआ विवाद ग्राहक ने विक्रेता की पिटाई की



कांकेर। मेले में टमाटर बेचने के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। टमाटर के दाम को लेकर हुए विवाद में एक सब्जी विक्रेता के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ग्राम साल्हे निवासी बजरंग कुलदीप और उसके भाई पर हाथ-मुक्कों व डंडे से हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई ⏭शेष पेज 10 पर

अपराध दर्ज

शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने बजरंग कुलदीप और उसके भाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस मामले के तथ्यों और घटनाक्रम की जांच कर रही है।

मारपीट करने का आरोप

पीड़ित के मुताबिक, जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने अपने भाई को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों तथा डंडे से मारपीट की। घटना में पीड़ित की दोनों बांहों और सिर में दर्द होने की बात कही गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

ड्रिप पाइपलाइन लगाने के नाम पर 4.68 लाख की धोखाधड़ी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खेत में सब्जी की खेती के लिए आधुनिक ड्रिप पाइपलाइन, सोलर पैनल और स्प्रिंकलर लगाने तथा सरकारी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर 4 लाख 68 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

हाटकोंगेरा निवासी 49 वर्षीय धरम सिंह कुंजाम ने राजकुमार नागवंशी निवासी सिंगनपुर और संतोष कड़ियाम निवासी जेपरा के खिलाफ कांकेर थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी जैविक खाद के प्रचार-प्रसार के सिलसिले में घर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने उसके पिता रिखीराम कुंजाम के नाम की जमीन पर केसीसी लोन लेकर सब्जी की खेती के लिए ड्रिप पाइपलाइन ⏭शेष पेज 10 पर

स्कूल के पास शराब पीते युवक को पुलिस ने दबोचा

कांकेर। ग्राम चारभाठा में स्कूल के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते एक युवक को चारामा पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के अनुसार 8 अक्टूबर को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारभाठा निवासी 29 वर्षीय गिरवर बघेल को पकड़ा। उसके पास से खाली शराब का पौवा, डिस्पोजल गिलास और पानी की बोतल जब्त की गई। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बस स्टैंड पर एक से दो युवकों ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर के बस स्टैंड में एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मुर्गा बाजार से लौट रहे युवक ने दो युवकों पर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्कों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में युवक के चेहरे, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार माकड़ी सिंगराय निवासी 21 वर्षीय



मुर्गा बाजार से लौटते समय बस स्टैंड पर उतरने को लेकर हुआ विवाद फिर मारपीट

दिवस कुमार यादव पिता स्व. किशोर यादव ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे कोंडागांव जिले के बहीगांव स्थित मुर्गा बाजार गया था। वहां से लौटते समय शाम करीब साड़े 6 बजे वह कांकेर रोडवेज की बस में सवार हुआ। इसी बस में श्रीरामनगर निवासी राज सारथी और लट्टीपारा निवासी इमरान खान उर्फ बोठा भी सवार थे। रात करीब साड़े 8 बजे कांकेर बस स्टैंड पहुंचने पर वह बस से उतरा। इसी दौरान दोनों युवकों ने मुर्गा बाजार में ज्यादा होशियारी दिखाने की बात कहते हुए उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए ⏭शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप



24 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण

दुर्गूकोंदल। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय आवासीय विद्यालय एवं एजुकेशन हब दुर्गूकोंदल में 9 अक्टूबर को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 24 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया तथा अन्य छात्राओं का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण किया गया। चिकित्सक डॉ. मनोज किशोर ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। वहीं डॉ. संदीप साहू ने हाथ धोने के छह चरण, मलेरिया के लक्षण और बचाव के उपाय बताए। संस्था प्रमुख एवं छात्रावास अधीक्षिका शैलेन्द्री मरकाम के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। कल्पना जूरी सहित स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहें।

डांगरा में 20 से दो दिनी कबड्डी और वॉलीबॉल

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोदल के ग्राम डांगरा में नवयुवक समिति द्वारा 20 एवं 21 अक्टूबर को दो दिवसीय ग्राम स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें पुरुष कबड्डी, बालिका कबड्डी और पुरुष वॉलीबॉल के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष कबड्डी और बालिका कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 6 हजार और तृतीय 4 हजार रुपये निर्धारित है। वहीं पुरुष वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 8 हजार और तृतीय 5 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुरुष कबड्डी पंचायत स्तरीय, बालिका कबड्डी ओपन तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता बस्तर संभाग स्तरीय होगी। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।

आयुष विभाग ने 138 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कोण्डागांव। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत शामपुर में सेवा सेतु अभियान के तहत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। आयुष विभाग ने शिविर में विशेष स्वास्थ्य स्टॉल लगाया। शिविर में आयुष विभाग की टीम ने कुल 138 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। पात्र मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक आयुष काढ़े के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 151 लोगों को काढ़ा वितरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कराने वालों में 61 महिलाएं, 50 पुरुष, 15 बालक और 12 बालिकाएं शामिल रहे।

महतारी जतन योजना से शांति को मिला आर्थिक संबल

कोण्डागांव। श्रम विभाग के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन्हीं में शामिल मिनीमाता महतारी जतन योजना महिला श्रमिकों को प्रसूति के समय आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। डोंगरीपारा, शामपुर निवासी शांति नेताम को प्रसूति के उपरांत मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 20 हजार की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

पोषण और कुपोषण की स्थिति की ली जानकारी, गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर दिया जोर

मंत्री केदार कश्यप ने बच्चों और महिलाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र स्कूलपारा गोलावंड में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं से संवाद कर पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री कश्यप ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से बातचीत कर उनकी व्यावहारिक समझ और सीखने की क्षमता का जायजा लिया। बच्चों ने चित्रें के माध्यम से फल, पशु–पक्षियों सहित विभिन्न वस्तुओं की पहचान की। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मंत्री ने उन्हें चॉकलेट एवं फल वितरित किए।

मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं महिलाओं से बातचीत करते हुए बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को केंद्र तक छोड़ने आने वाले पालकों को भी पोषण आहार और कुपोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को अपने पोषण और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई तथा तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन सहायिका सहित छह महिलाओं को उनके सेवाभाव और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंत्री श्री कश्यप ने उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री श्री कश्यप ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं एवं साफ–सफाई का अवलोकन किया और उनकी सराहना की।





सेवा सेतु शिविर में 400 से अधिक हितग्राहियों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 400 से अधिक हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिला। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम प्लाटपारा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख तथा मुख्य मार्ग से नयापारा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इन दोनों विकास कार्यों के लिए कुल 22 लाख की घोषणा की गई।



कार्यक्रम में विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से पात्रतानुसार लाभ लेने की अपील की।

विधायक ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि घरों में सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। इससे परिवार अपनी बिजली की जरूरत पूरी करने के साथ अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक ने कहा कि माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में गारमेंट फैक्ट्री के लिए भूमिपूजन किया गया है। इसके शुरू होने से लगभग 150 महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से धान विक्रय से पहले एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपना पंजीयन सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि धान खरीदी के दौरान परेशानी न हो।

शिक्षा विभाग ने 113 हितग्राहियों को दिए जाति प्रमाण–पत्र – शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा 113 हितग्राहियों को जाति प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 15 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख, 10 को ऋण पुस्तिका, 25 को आय प्रमाण–पत्र, 14 को निवास प्रमाण–पत्र तथा 23 हितग्राहियों को जाति प्रमाण–पत्र प्रदान किए। जनपद पंचायत माकड़ी ने 29 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए।

आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा : कलेक्टर

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों एवं शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ शिविरों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, कोण्डागांव जनपद अध्यक्ष अनिता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, गोलावंड सरपंच अनिता बघेल, वेदबेड़ा सरपंच पिलई बघेल, रेशमा दीवान, रीता चालकी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, तहसीलदार विजय

45 साल से काबिज जमीन का पट्टा फर्जी, तहसीलदार से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

ग्राम छोटे कापसी निवासी 70 वर्षीय विधवा कानन बाला मजूमदार ने अपनी 45 साल पुरानी कब्जे वाली जमीन पर कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पट्टा बनवाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने तहसीलदार पखांजूर को आवेदन सौंपकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार कानन बाला मजूमदार पति स्व. निताई मजूमदार, निवासी खासपारा वार्ड क्रमांक 01, शासकीय भूमि खसरा नंबर 778/2, रकबा 0.05 हेक्टेयर, पटवारी हल्का नंबर 11 पर पिछले करीब 45 वर्षों से घर-बाड़ी बनाकर रह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कापसी निवासी कृष्णपद मंडल बंगाल, पिता ललित मोहन मंडल ने उक्त भूमि के संबंध में कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम से पट्टा बनवा लिया है। वृद्धा का कहना है कि वह कान से सुनने में असमर्थ हैं और वृद्धावस्था के कारण काफी असहाय हैं। उनके अनुसार, उक्त जमीन ही उनके रहने का एकमात्र



सहारा है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित व्यक्ति का इस जमीन से कोई संबंध नहीं रहा है और न ही वह कभी वहां काबिज रहा है। कानन बाला मजूमदार ने तहसीलदार से कथित फर्जी पट्टे की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा जमीन का पट्टा अपने नाम पर किए जाने की मांग की है। आवेदन के साथ नक्शा, खसरा और बी-1 की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं। इस संबंध में तहसीलदार पखांजूर केतन भोयर ने बताया कि बुजुर्ग महिला का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जल्द ही जांच कराई जाएगी।

अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में पेड़ों की कथित अंधाधुंध कटाई और अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार मर्दापाल को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने जिले में लकड़ी तस्करी सहित अन्य अवैध कारोबार पर रोक लगाने और संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

- मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस ने की लकड़ी तस्करी में पकड़े गए वाहनों को राजसात करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में कहा कि मर्दापाल क्षेत्र सहित जिले



में हरे–भरे और फलदार पेड़ों की कटाई तथा लकड़ी की तस्करी की शिकायतें सामने आ रही हैं। कांग्रेस का आरोप है कि लकड़ी तस्कर पेड़ों को काटकर जिले से बाहर लकड़ी ले जा रहे हैं। संगठन ने कहा कि इस विषय को पहले भी उठाया गया है, लेकिन समस्या पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता बनी हुई है।

ज्ञापन में हाल ही में मर्दापाल वन परिक्षेत्र के अधिकारियों द्वारा कथित रूप से अवैध लकड़ी ले जा रहे तीन वाहनों को पकड़े जाने की मीडिया में आई खबरों का उल्लेख किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इनमें से एक वाहन भाजपा नेत्री जूही तिवारी का बताया जा रहा है और इससे पहले भी उनका नाम लकड़ी तस्करी से जुड़े विवाद में सामने आया था। संगठन ने इस मामले में विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी का कारोबार वन मंत्री केदार कश्यप और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी के संरक्षण में फल–फूल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस कारोबार पर राजनीतिक संरक्षण नहीं है, तो मर्दापाल क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लकड़ी की तस्करी पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। ये आरोप कांग्रेस अध्यक्ष ने ज्ञापन के दौरान लगाए। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि लकड़ी तस्करी के मामलों में पकड़े गए वाहनों को नियमानुसार राजसात करने की कार्रवाई की जाए और संबंधित आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई हो। संगठन ने कहा कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई से अवैध कटाई और तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। देवेंद्र कोर्राम ने कहा कि कांग्रेस ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई या कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता की गई, तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

सावनपुर आंबा केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

पखांजूर। ग्राम पंचायत ताड़वयली के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र सावनपुर स्कूल पारा-1, पीवी-96 में पोषण माह के अवसर पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों को पोषण, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना विश्वास और सहायिका प्रमिला बाक्ची ने किया। इस दौरान सेक्टर रेंगावाही की सुपरवाइजर धनेश्वरी जोशी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत ताड़वयली के सरपंच सोमजी कतलामी ने 22 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं और 40 मितानिन सहित कुल 83 कार्यकर्ताओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों के लिए संतुलित आहार, स्तनपान, पूरक पोषण आहार, स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन तथा साफ-सफाई के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही कुपोषण और एनीमिया की रोकथाम के प्रति जागरूकता का संदेश दिया



गया। इस अवसर पर महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

किशोरी बालिकाओं ने रंगोली, फूलों और पोषण संबंधी बैनरों से आंगनबाड़ी परिसर को आकर्षक रूप से सजाया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं, मितानिनों और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। आयोजन के माध्यम से संतुलित आहार, सुखी परिवार का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।



इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता में शामिल होंगी मिथिला

कोण्डागांव/बड़े बेंद्री। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंद्री की छात्र मिथिला कोर्राम राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

मिथिला कोर्राम ने विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर के संरक्षण तथा मार्गदर्शक शिक्षक अंकित गुप्ता और दिलीप कश्यप के मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि में शिक्षक अली बख्श शेख और सरिता मांझी का भी विशेष सहयोग रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से मिथिला को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले मिथिला कोर्राम ने विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर और मार्गदर्शक शिक्षक अंकित गुप्ता के साथ कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना से सौजन्य मुलाकात की।

भानुप्रतापपुर में आम आदमी पार्टी का कार्यालय उद्घाटित

भानुप्रतापपुर। आम आदमी पार्टी ने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नए पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने तथा पार्टी की विचारधारा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को गति देने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान



किया। उन्होने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से होती है।

अठारहवीं पुण्यतिथि



स्व. ईश्वर यादव (ईशु)

10.10.2008

जिनका कर्म हमारी प्रेरणा है, जिनके विचार हमारे मार्गदर्शक
जिनका स्मृति हमारा सम्बल...
आपके आदर्शों को मूर्तरूप देने का हम सकल्प करते हुए
अठारहवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

शोकाकुल

धनश्याम यादव, राजेश यादव (बड़े भाई)
खगेश्वर यादव, महेश यादव, अविनव, विहान (भतीजा)
अंतागढ़, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

पेज 09 के शेष

अस्पताल मार्ग पर दो...

छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। सामने पेट्रोल पंप और समीप ही मुख्य शासकीय अस्पताल होने के कारण यहां दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अस्पताल में उपचार कराने पहुंचने वाले मरीजों, उनके परिजनों, वाहन चालकों और अन्य नागरिकों के लिए यह मार्ग महत्वपूर्ण है। ऐसे में सड़क किनारे लंबे समय से खड़े कबाड़ वाहन को लेकर लोगों के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर सार्वजनिक आवागमन वाले इस स्थान को व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी किसकी है?

टमाटर के भाव पर हुआ विवाद...

शिकायत के अनुसार पीड़ित किराना एवं सब्जी का व्यवसाय करता है और अलग-अलग गांवों में बाजार लगाकर सामान बेचता है। इसी सिलसिले में उसने ग्राम साल्हे में आयोजित रामसत्ता मेले में दुकान लगाई थी। शाम करीब 5 बजे गांव का निवासी बजरंग कुलदीप उसकी दुकान पर पहुंचा और टमाटर का भाव पूछा। विक्रेता ने 30 रुपये प्रति किलो और 50 रुपये में दो किलो टमाटर देने की बात कही। इसके बाद वह वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी दुबारा दुकान पर पहुंचा और दो किलो टमाटर खरीदे। उसने 200 रुपए का नोट दिया, जिस पर विक्रेता ने 150 रुपये वापस कर दिए। आरोप है कि टमाटर लेकर जाते समय आरोपी ने विक्रेता पर लोगों को बेवकूफ बनाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

ड्रिप पाइपलाइन लगाने...

लगाने और सरकारी योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया। दोनों ने जमीन से संबंधित दस्तावेज और हस्ताक्षर लेकर धमतरी स्थित एचडीएफसी बैंक में लोन संबंधी कागजात जमा कराए। कुछ समय बाद संतोष कड़ियाम ने लोन स्वीकृत होने की जानकारी देकर धरम सिंह को एचडीएफसी बैंक की कांकेर शाखा ले गया, जहां से 4 लाख 68 हजार रुपये निकाले गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बैंक के बाहर संतोष ने दो साल में रकम दोगुनी करने और खेत में आधुनिक सिंचाई व्यवस्था स्थापित करने का झांसा देकर पूरी राशि ले ली। इसके बाद बैंक लोन का ब्याज स्वयं चुकाने की बात कही। बैंक से ब्याज जमा करने के नोटिस आने पर राजकुमार ने दो बार 10-10 हजार रुपये दिए, जिन्हें उसने बैंक में जमा किया। बाद में दोनों से संपर्क नहीं होने और उनके गांव में नहीं मिलने पर उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। अब लोन का ब्याज बढ़ने से वह आर्थिक और मानसिक परेशानी झेल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने राजकुमार नागवंशी और संतोष कड़ियाम के खिलाफ धारा 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बसस्टैंड पर एक से दो युवकों...

जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस घटना में मेरे चेहरे, हाथ और पैर में चोटें आईं। शिकायत पर पुलिस ने राज सारथी और ईमरान खान के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

जिला टीम ने खेतों का निरीक्षण किया, किसानों को दी जानकारी



भानुप्रतापपुर। जिला स्तरीय जांच टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों के खेतों का निरीक्षण किया गया। कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी एवं पटवारी की संयुक्त टीम ने केवटी, परवी, कनकपुर, जनकपुर, फरसकोट, अलवरकला एवं पंडरीपानी गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क किया और फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने खेतों में फसलों की स्थिति एवं कीट-व्याधि की समस्या का अवलोकन किया। किसानों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप कीट एवं रोगों के नियंत्रण के लिए समसामयिक कृषि सलाह दी गई। टीम द्वारा किसानों को फसल की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार कृषि विभाग की अनुशंसित तकनीकी उपाय अपनाने की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही किसानों से फसल बीमा योजना को लेकर भी चर्चा की गई। टीम ने किसानों को फसल बीमा योजना के प्रावधानों, इसके अंतर्गत मिलने वाले लाभ तथा फसल क्षति की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। किसानों की जिज्ञासाओं एवं सवालों का भी टीम के अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / 2026101404000006/ अ-6/2026-27

(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अभिषेक कुमार चोपड़ा पिता स्व. दिलीप चोपड़ा निवासी ग्राम गोविन्दपुर कांकेर, पायस झा पिता दीपक झा नि. मांझापारा कांकेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 बी, प्लाट नं. 4/1, क्षेत्रफल 124 व.मी., पक्का मकान मय हाता, वार्षिक भू-भाटक 63.50 रू., दावा. 78.00 रू. मनोहरी देवी पिता स्व. मिश्रीलाल चोपड़ा नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को विक्रय पत्र कीमती 65,00,000.00 रू. (पैंसठ लाख रू.) में क्रय कर उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में दिनांक 28.09.2026 को पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन / नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 09/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

खबर संक्षेप

हेडमास्टर ने बच्चों को खिलाई खीर-पूड़ी सब्जी



बस्तर। बस्तर ब्लॉक के शासकीय माध्यमिक शाला खरखोसा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला के हेडमास्टर युगल कौशिक ने यह विशेष भोज कार्यक्रम रखा था। इस दौरान शाला प्रांगण के सभी स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। बच्चों को खीर, पूरी और सब्जी बनाकर प्रेमपूर्वक खिलाया गया। मध्यान्ह भोजन के साथ आयोजित इस न्योता भोज में बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने पूरे आनंद के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में शाला परिवार के शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, गांव के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ जन और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभी ने हेडमास्टर युगल कौशिक के पहल की सराहना की। हेडमास्टर ने कहा कि न्योता भोज योजना का उद्देश्य बच्चों में सामुदायिक सहभागिता और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बच्चों के साथ खुशी बांटने से आत्मीयता बढ़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से शाला और समुदाय के बीच संबंध मजबूत होते हैं।

तिलेश्वरी व ट्रस्टी ने हासिल किया प्रथम स्थान



बीजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और उनमें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एकलव्य विद्यालय बीजापुर में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से भाषण विधा में 5 तथा चित्रकला विधा में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार चारों विकासखंडों से कुल 100 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में नवीन प्राथमिक शाला कर्रेमरका की छात्रा तिलेश्वरी यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय बीजापुर की छात्रा ट्रस्टी कुंजाम ने अपनी आकर्षक एवं संदेशपूर्ण कलाकृति के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आश्रम छात्रावासों और पोटाकेबिनों की व्यवस्था पर उठे सवाल

छात्रों की सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





सुकमा जिले के आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई है। इस संबंध में 9 अक्टूबर 2026 को जिला कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंपकर छात्रावासों की स्थिति में सुधार करने तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

- लापरवाही से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव

ज्ञापन में कहा गया है कि आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में रहने वाले विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के लिए भी संस्थागत व्यवस्था पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं और नियमित देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं छात्रावास प्रबंधन की है। इन व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

शैक्षणिक वातावरण पर जोर

ज्ञापन में छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है। नियमित निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने से ही व्यवस्था में सुधार संभव है। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति, दैनिक दिनचर्या और आवश्यक सुविधाओं पर भी उचित ध्यान देने की जरूरत बताई गई है। ज्ञापन में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग भी शामिल है। साथ ही, विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

जिले के सभी आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और रात्रिकालीन निगरानी जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने की मांग की गई है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। साथ ही, छात्रावासों में होने वाली गतिविधियों की नियमित निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

रसोईघरों की नियमित, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की हो निगरानी

छात्रावासों में रहने वाले बच्चों को समय पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना भी ज्ञापन का प्रमुख मुद्दा है। इसमें रसोईघरों की नियमित जांच, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी तथा भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप भोजन मिल रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने की आवश्यकता बताई गई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत

ज्ञापन में छात्रावासों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मजबूत करने तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। किसी भी गंभीर घटना या स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में जिम्मेदारी तय करने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही, विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही निर्धारित करने की मांग भी की गई है।

शिकायत सुनने की व्यवस्था बने

विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी ध्यान आकर्षित किया गया है। ज्ञापन में प्रत्येक छात्रावास में शिकायत एवं सुझाव व्यवस्था विकसित करने की मांग की गई है, ताकि विद्यार्थी बिना किसी भय के अपनी समस्याएं जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचा सकें। शिकायतों का समयबद्ध निराकरण हो और विद्यार्थियों को उसका लाभ मिले, इसके लिए निगरानी तंत्र विकसित करने की बात कही गई है।

प्रशासन को करनी होगी पहल

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इन मांगों पर कितनी गंभीरता से पहल करता है। आश्रम छात्रावासों और पोटा केबिनों में रहने वाले विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। इसलिए आवश्यक है कि संबंधित विभाग समय-समय पर निरीक्षण करें, कमियों को दूर करें और विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ तथा बेहतर सुविधाओं वाला वातावरण उपलब्ध कराएं।

दण्डक ब्रांड से बाजार में पहचान बनाएंगे दंतेवाड़ा के जैविक उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



- आत्मनिर्भर बनेंगी महिला समूहों की दीदियां

जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने, स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार से जोड़ने और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत माँ दंतेश्वरी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की 'दण्डक ब्रांड' दुकान का शुभारंभ आज चितालंका में किया गया। इस पहल से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दुकान का शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जनपद पंचायत कुआकोंडा अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। दुकान के माध्यम से नीमफूल, एचएमटी चावल, बासमती चावल, लालचुड़ी चावल, अमचूर, इमली, महुआ, कोदो, कुटकी और रागी जैसे स्थानीय उत्पादों को दण्डक ब्रांड के नाम से बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी गुणवत्ता और बाजार तक पहुंच को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जैविक खेती की यह पहल भविष्य में बड़े अवसरों का आधार बन सकती है। लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर शुद्ध और पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए जैविक खेती को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिलेंगे और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

माँ दंतेश्वरी महिला एफपीओ से जुड़े लगभग 60 उत्पादक समूहों की 2,500 महिला सदस्यों को इस पहल से लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय उत्पादों को व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराने से ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे। इनमें एचएमटी और बासमती चावल की कीमत 75 रुपये प्रति किलो, नीमफूल चावल की कीमत 70 रुपये प्रति किलो, लालचुड़ी चावल की कीमत 68 रुपये प्रति किलो तथा चिकला चावल की कीमत 65 रुपये प्रति किलो निर्धारित है।

इस प्रकार इनमें एचएमटी और बासमती चावल के 10-10 किलो की कीमत 750-750 रुपये, नीमफूल के 10 किलो की कीमत 700 रुपये, लालचुड़ी के 10 किलो की कीमत 680 रुपये और चिकला के 10 किलो की कीमत 650 रुपये है। इस प्रकार पांचों किस्मों के कुल 50 किलो चावल की कीमत 3,530 रुपये होती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित उप संचालक पंचायत तरुण देशमुख, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रांजल प्रजापति,एफपीओ के सीईओ अभिजीत सरकार, बिहान की टीम, निदेशक मंडल के सदस्य और स्व-सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं।

महिलाओं को सशक्त बनने का अवसर मिलेगा

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि पहले जैविक खेती को लेकर केवल चर्चा होती थी, लेकिन अब इसे व्यवस्थित व्यवसाय से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूहों की दीदियां उत्पादन के साथ पैकेजिंग, बिक्री और विपणन में भी भागीदारी निभाएंगी। इससे किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को पर्यटकों और व्यापक बाजारों तक पहुंचाने के लिए गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और नियमित आपूर्ति पर ध्यान देना जरूरी है।

बड़े तुमनार में सेवा सेतु कार्यक्रम हुआ



गीदम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन सेवा से देश सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड गीदम के बड़े तुमनार में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अनुसार तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पावन भैरम बाबा मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आस्था, सेवा और जनभागीदारी का यह संगम हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का संकल्प पहुंचाने की प्रेरणा देता है। गांव, गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित जनसेवा की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। सेवा सेतु जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी बनता है।

बीजापुर की पांच बेटियों को मिला रोजगार का अवसर

सीएम के हाथों चन्द्रकला ने प्राप्त किया ऑफर लेटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले की बेटियां तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की पांच छात्राओं को राज्य स्तरीय रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनी से रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। छात्राओं की इस उपलब्धि से संस्थान में उत्साह का माहौल है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, रायपुर द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की पांच छात्राओं का रोजगार हेतु चयन किया गया। मेले में मेसर्स सन ब्राइट मैनपावर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छात्राओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री के हाथों चन्द्रकला कडियामी को मिला ऑफर लेटर-रोजगार मेले में संस्थान की छात्रा सुश्री चन्द्रकला कड़ियामी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों ऑफर लेटर प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित रहे। रोजगार के लिए चयनित छात्राओं में चन्द्रकला कड़ियामी, वीना पोंडी, सुप्रिया पुजारी, करीना कुड़ियम एवं दामिनी नेताम शामिल हैं। सभी पांच छात्राओं को मेसर्स सन ब्राइट मैनपावर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

तकनीकी शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं जिले की बेटियां- शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की छात्राओं को राज्य स्तरीय रोजगार मेले में मिले अवसर जिले में तकनीकी शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि और युवाओं के लिए उपलब्ध हो रहे रोजगार के अवसरों को दर्शाते हैं।

विद्यार्थी आईआईटी भिलाई और स्टील प्लांट में जानेंगे तकनीक व नवाचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान, आधुनिक तकनीक और उच्च शिक्षा के नए अवसरों से परिचित कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों को चार दिवसीय एजुकेशन एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत भिलाई के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर विश्वदीप ने विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शैक्षणिक भ्रमण का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर 20 विद्यार्थियों को किया रवाना

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई तथा भिलाई स्टील प्लांट का भ्रमण करेंगे। यहां उन्हें औद्योगिक विकास, आधुनिक मशीनों, वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उच्च शिक्षा की संभावनाओं को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। भिलाई स्टील प्लांट में जानेंगे इस्पात उत्पादन और आधुनिक औद्योगिक तकनीक- भ्रमण के दौरान विद्यार्थी भिलाई स्टील प्लांट में इस्पात उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, अत्याधुनिक मशीनों, औद्योगिक तकनीक और संयंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित होंगे। उन्हें कच्चे माल से इस्पात निर्माण तक की प्रक्रिया तथा इसमें विज्ञान, इंजीनियरिंग, आधुनिक तकनीक और कुशल मानव संसाधन की भूमिका को समझने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराने के साथ औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार और करियर की संभावनाओं के प्रति जागरूक करेगा।

साथ ही विद्यार्थियों में तकनीकी विषयों के प्रति रुचि विकसित होगी और भविष्य में अपनी अभिरुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन करने में सहायता मिलेगी। आईआईटी भिलाई में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार की दुनिया से होंगे रूबरू- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को करीब से देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा।

बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक में हुई चर्चा

दंतेवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं के नाम जोड़ने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रभावी संचालन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में 09 अक्टूबर 2026 को बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

खिलाड़ियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने प्राचार्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर द्वारा आज जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर ओलंपिक खेलों में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र खिलाड़ियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष वर्मा ने विद्यार्थियों की आधार आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु प्रवेश प्रक्रिया पर कार्यशाला

गीदम। अग्निवीर वायु भर्ती को लेकर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने युवाओं को प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। भारतीय वायु सेना देश की सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने के लिए निरंतर नई और पारदर्शी चयन प्रक्रियाएं अपना रही है।

अधिकारी के प्रयासों से पशुओं में रोग उदभेद पर लगाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सेवा संकल्प अभियान के तहत गीदम ब्लॉक के पशु औषधालय कारली क्षेत्र में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण का कार्य निरंतर जारी है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभारी अधिकारी के अथक प्रयासों से क्षेत्र में रोग उदभेद पर प्रभावी लगाम लगाई गई है। प्रभारी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दिलीप दुर्गम ने बताया कि क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से पशुओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए लगातार टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उनके अनुसार बड़े पशुओं में खुरपका-मुंहपका जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए अब तक 1.55 लाख पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण संपन्न किया जा चुका है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में इस बीमारी का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है। इसी तरह गलघोंटू जैसी बीमारी के लिए भी शत-प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। अब तक लगभग 84 000 पशुओं का टीकाकरण पूरा कर लिया गया है। इससे पशुओं को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखा जा सका है। पशुओं में तेजी से फैलने वाली लंपी स्किन डिजीज को लेकर भी विभाग सतर्क है। क्षेत्र में लगातार टीकाकरण किए जाने से इस वर्ष लंपी का एक भी मामला सामने नहीं आया है, जो विभाग की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

खबर संक्षेप

एक शाम मां के नाम भक्ति उत्सव हाटकोंदल में 12 से

दुर्गूकोंदल। हाटकोंदल के बरपारा में आदिशक्ति मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 'एक शाम मां के नाम' भक्ति महोत्सव का आयोजन 12 अक्टूबर से किया जाएगा। दो दिवसीय इस महोत्सव में भजन, मानस पाठ और आकर्षक धार्मिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। आयोजन के पहले दिन 12 अक्टूबर को जय गुरुदेव संकीर्तन मानस मंडली, कुड़ेरादादर द्वारा मानस पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, 13 अक्टूबर को दाई के दुलारवा नवरत्न जस झांकी पार्टी, पटपर द्वारा मां महाकाली और मां दुर्गा की जीवंत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कोकपुर में श्रीवास सेन समाज की बैठक 13 को

धनेलीकन्हार। श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर की छैमाही बैठक 13 अक्टूबर, मंगलवार को कांकेर ब्लॉक के ग्राम कोकपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। परिक्षेत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कोशिक ने बताया कि बैठक में सामाजिक जनगणना की प्रगति तथा समाज की उन्नति से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं पंचों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से जिला सर्व सेन समाज कांकेर ग्रामीण की बैठक जिला अध्यक्ष प्रभु राम शांडिल्य की अध्यक्षता में होगी। मीडिया संयोजक लोकेश्वर सेन ने सभी संबंधित इकाइयों के अध्यक्षों, सचिवों एवं पदाधिकारियों से सामाजिक जनगणना की संपूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

हानपतरी में डीजे डांस प्रतियोगिता होगी आज

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हानपतरी में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर तृतीय वर्ष डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर शनिवार को शाम 7 बजे से टांगरा मुदिया खेल मैदान में किया जाएगा। ग्राम हानपतरी आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, युगल नृत्य में 5001 रुपए तथा एकल नृत्य में 3001 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मंच संचालक नंदू कुलदीप एवं लीना कोसमा अपनी भूमिका निभाएंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ी कॉमेडियन स्टार मुकुंद कुलदीप का आगमन भी प्रस्तावित है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के युवाओं, कलाकारों और नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

पेनिकल माइट और गर्दन झुलसा का धान में प्रकोप किसानों मिली सलाह

कांकेर। धान की फसल में पेनिकल माइट मकड़ी एवं गर्दन झुलसा रोग के प्रकोप से उत्पादन और गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे बचाव के लिए किसानों को फसल की नियमित निगरानी करने, संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने तथा समय पर उचित प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र, कांकेर के विषय वस्तु विशेषज्ञ (पौध रोग विज्ञान) उपेन्द्र कुमार नाग ने किसानों को इन समस्याओं के लक्षणों की पहचान कर समय पर नियंत्रण के उपाय अपनाने की जानकारी दी है। पेनिकल माइट के प्रकोप से धान की पर्णच्छद (लीफ शीथ) का रंग भूरा पड़ने लगता है तथा पत्तियों पर छोटे-छोटे भूरे धब्बे दिखाई देते हैं।

रंगोली सजाई जनकल्याणकारी योजनाओं की व सामाजिक जागरूकता किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज कांकेर के न्यू बस स्टैंड स्थित डोम परिसर में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय विभागों एवं बिहान समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगोलियों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज कांकेर ने प्रथम, कृषि विभाग ने द्वितीय तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कांकेर ने तृतीय स्थान प्राप्त



कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिया संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने बहुत ही सुंदर और संदेशपरक रंगोलियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेशभर में कांकेर जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की चर्चा हो रही है। चाहे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम हो या सुदूर वनांचलों में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर, जिले में जनभागीदारी के माध्यम से सेवा और विकास के नए प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में भी सोनोग्राफी जैसी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देश अनुरूप संचालित इस अभियान में सभी विभाग सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए शिक्षा, संस्कार और जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जिस प्रकार बिना नाविक के जहाज अपनी सही दिशा तय नहीं कर सकता, उसी प्रकार जीवन में सही मार्गदर्शन और लक्ष्य के बिना आगे बढ़ना कठिन होता है।

कियज्ञं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न रंगोलियों का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों की रचनात्मकता और प्रयासों की सराहना की। रंगोलियों के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, नक्सल मुक्त भारत और विकसित भारत जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, आरसीसी ओवरहेड टैंक, जल संरक्षण थीम, सोलर टैंक जैसे विषयों को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा भानुप्रतापपुर पीजी कॉलेज द्वारा नक्सल मुक्त भारत की थीम पर रंगोली तैयार की गई।

ड्रंक एंड ड्राइव पर कार चालक पर कार्ट ने ठोंका 17 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में टाटा सफारी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे वाहन सहित भानुप्रतापपुर न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने चालक पर 17 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे में वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश माना जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गूकोंदल थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे के मार्गदर्शन में दुर्गूकोंदल पुलिस ने शराब के नशे में चार पहिया वाहन चलाते हुए 38 वर्षीय शिवेंद्र मंडावी निवासी केंवटी शिकारीपारा को पकड़ा। आरोपी टाटा सफारी वाहन का चालक एवं मालिक बताया गया है। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को वाहन सहित भानुप्रतापपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के बाद 17 हजार रुपए का चालानी अर्थदंड लगाया।

नशे में ड्राइविंग दूसरों की जिंदगी भी खतरे में

शराब का सेवन करने के बाद वाहन चलाने से चालक की निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता और प्रतिक्रिया देने की गति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में अचानक सामने आने वाली परिस्थितियों में वाहन पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो जाता है और सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

पुलिस ने आमजन से किया अपील

थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे ने आम नागरिकों से अपील की है कि शराब का सेवन करने के बाद बाइक, कार या कोई अन्य वाहन न चलाएं। ऐसी स्थिति में घर पहुंचने के लिए वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था का उपयोग करें। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की अपील की।

तैयारी : पंडालों से विसर्जन स्थलों तक सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

दुर्गा पूजा पर शांति समिति की बैठक में डीजे व गरबा समितियों को निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजे संचालकों, गरबा समितियों और आयोजन समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आपसी समन्वय और जनसहभागिता से पर्व मनाने कि बात कही गई।

बैठक में दुर्गा पंडालों, जुलूस मार्गों और विसर्जन स्थलों का पूर्व निरीक्षण कर सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने पर जोर दिया गया। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। विसर्जन जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन, पार्किंग और यातायात नियंत्रण की कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई। । पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेजा के निर्देशन में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू और एसडीओपी कांकेर हरीश पाटिल, नगर पालिका सीएमओ हेमंत कुमार नेताम, थाना प्रभारी कांकेर जितेंद्र कुमार साहू, एएसआई सतीश वर्मा, नायब तहसीलदार संजय रॉय सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहें। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे, सामुदायिक सहयोग और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा उत्सव संपन्न कराने का आव्हान किया।

डीजे संचालन और सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी

आयोजन समितियों को पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात कर पुलिस एवं प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप करने तथा आपत्तिजनक गीतों, नारों और सामग्री से बचने की हिदायत दी गई। सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या सांप्रदायिक संदेशों की निगरानी रखने और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।

विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के साथ चोरी, छेड़छाड़ और मारपीट जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। विसर्जन स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा और आपातकालीन संसाधन उपलब्ध कराने के साथ नदी, तालाब एवं अन्य जल स्रोतों में विसर्जन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पेट्रोलिंग और बीट भ्रमण बढ़ाकर प्रमुख स्थानों पर पुलिस की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

एसएसबी ने ग्रामीण युवाओं को खेती बाड़ी की आधुनिक तकनीक सिखाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत अंतागढ़ विकासखंड के आठ गांवों के 35 ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में युवाओं को खेती के साथ पशुपालन, मुर्गीपालन और उद्यानिकी जैसी गतिविधियों के माध्यम से रोजगार एवं आय बढ़ाने के तरीके सिखाए गए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एवं समापन 33 वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रियव्रत शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर व्यावसायिक खेती की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृषि को केवल परंपरागत आजीविका तक सीमित न रखते हुए इसे स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाने पर जोर दिया।

प्रशिक्षणार्थियों को बांटे कृषि आदान

प्रशिक्षण के समापन समारोह में एसएसबी की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को कृषि आदान वितरित किए गए। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट डॉ. पंकज तिवारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

योजनाओं की दी जानकारी

प्रशिक्षण में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग और नाबार्ड के अधिकारियों ने युवाओं को संबंधित विभागीय योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों तथा बैंक ऋण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित व्यवसाय शुरू करने के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ वित्तीय संसाधनों और सरकारी सहायता के प्रति जागरूक करना रहा।

भानुप्रतापपुर चेंबर इकाई के नए सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा संगठन से जुड़े नवीन 50 सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किया गया हैं व नए सदस्य बनने के लिए कुछ और व्यापारियों ने भी सहमति दी है। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया।

भानुप्रतापपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी ने चेंबर आपकी कॉमर्स की पूर्व में सदस्यता 3500 में की गई थी। अब जो नई सदस्यता होगी वह 5100 की होगी जो की 15 अगस्त से लागू हो चुकी है। भानुप्रतापपुर इकाई अपने सदस्य को की संख्या लगातार बढ़ा रही है। कुछ नए व्यापारियों ने भी सदस्यता लेने की सहमति दी है। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों के हितों को आगे बढ़ाने में प्रत्येक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। आजीवन सदस्यता के माध्यम से अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर इकाई व्यापारिक हित,सामाजिक कार्य के लिए हमेशा आगे रहती। नवीन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, व्यापारी संघ के अध्यक्ष चैंबर, जिला मंत्री राकेश रामानी, अध्यक्ष यश कुथुरिया, महामंत्री नमन जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप नवलानी, मंत्री अजय लखानी, मंत्री लक्ष्मण मखीजा, विवेक गुप्ता, मोंटी कुलदीप व अन्य सदस्य शामिल रहे।

घर-घर जाकर करेंगे पुनः सत्यापन व फार्म-6 भरकर करेंगे पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से विभिन्न कारणों से विलोपित नामों के पुनः सत्यापन तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर विलोपित प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन करेंगे। साथ ही पात्र नए एवं युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 भरवाया जाएगा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज होने से रोकना है। एसआईआर से पूर्व जिले में 5,69,601 मतदाता पंजीकृत थे। पुनरीक्षण के दौरान विभिन्न कारणों से 34,237 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए। इनमें 12,720 मृत मतदाता, 14,399 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 2,269 अन्यत्र पंजीकृत, 4,606 अनुपस्थित तथा 243 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची में 5,35,364 मतदाता थे।

इसके बाद अंतिम प्रकाशन में 4,909 मतदाताओं की वृद्धि हुई। 21 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले की अंतिम मतदाता सूची में कुल 5,40,273 मतदाता दर्ज थे। अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं गुरुवार को मतदान केंद्र स्तर पर कार्यालयीन समय में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं, शुक्रवार एवं शनिवार को पॉलिटेक्निक, कॉलेज, आईटीआई, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल तथा अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

स्काउट गाइड के कोर्रम बने जिला मुख्य आयुक्त

कांकेर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, राज्य मुख्यालय रायपुर ने रामचरण कोर्रम को जिला संघ उत्तर बस्तर कांकेर का जिला मुख्य आयुक्त नियुक्त किया है। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा द्वारा 7 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के तहत उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त के अभिनंदन समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्काउट-गाइड परिवार ने उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान



जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में जिले में स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा की गई। रामचरण कोर्रम ने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में स्काउट-गाइड गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

कोदापाखा स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

दुर्गूकोंदल। नशामुक्त भारत अभियान के तहत शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा हाईस्कूल कोदापाखा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में हाईस्कूल मेड़ों के प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव, हाईस्कूल



कोदापाखा के प्राचार्य घनाराम कश्यप तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा के प्रभारी डॉ. केव्ही गोपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देती है।

सेवा सेतु शिविर में दिव्यांग यमुना कावड़े का मौके पर आधार पंजीयन

कांकेर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना सेवा संकल्प अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में



आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविर आम नागरिकों के लिए राहत और सुविधा का माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों के जरिए लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविर शासन और आम जनता के बीच सीधा संपर्क स्थापित कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें आवश्यक शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम तरांदुल में आयोजित सेवा सेतु शिविर में दिव्यांग बच्ची यमुना कावड़े का तत्काल आधार पंजीयन कराया गया। आधार पंजीयन की सुविधा मिलने से बच्ची और उसके परिवार को बड़ी राहत मिली। शिविर में प्रशासन ने बच्ची की आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की और मौके पर ही आधार पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई।

रेंगाटोला में छह दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता जारी



दुर्गूकोंदल। ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के आश्रित ग्राम रेंगाटोला मदले में ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोपी बढ़ाई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करता है। खेल से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अनुशासन बनाए रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन से आसपास के गांवों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

